मॉड्यूल 4: किशोर न्याय बोर्ड

सत्र 4: आगे बढ़ना – कमियों को दूर करना

अवधि: 2:34 मिनट

किशोर न्याय बोर्ड और बाल संरक्षण के अन्य कार्यों के साथ समन्वय तथा सहयोग

बच्चे का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित करने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि किशोर न्याय बोर्ड, बाल संरक्षण से जुड़ी अन्य संस्थाओं जैसे बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई, चाईल्ड लाईन आदि के साथ सहयोग तथा समन्वय करे।

समन्वय और सहयोग की आवश्यकता, कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे की देखरेख, संरक्षण, आवास चिकित्सीय सहायता आदि जैसे बहुआयामी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है। आईए एक केस स्टडी पर नज़र डालें ताकि यह समझ सकें कि किस प्रकार किशोर न्याय बोर्ड अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करता है।